Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

वर्ष- 27 ◘ अंक- 271 ◘ रायपुर, गुरुवार 24 अक्टूबर 2024 ◘ पृष्ठ-8 ◘ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • बिलासपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## ब्रेकिंग न्यूज

### प्रियंका के नामांकन के दौरान खरगे को कमरे से निकाला

**नई दिल्ली,** 24 अक्टूबर (न्यूज चैनल)। प्रियंका गांधी ने बुधवार को केरल की वायनाड लोकसभा सीट से उपचुनाव के लिए नामांकन दाखिल किया। इस दौरान कुछ ऐसा हुआ, जिसे लेकर भाजपा ने कांग्रेस पर दलित विरोधी होने का आरोप लगाया है। वहीं कांग्रेस ने भी भाजपा पर पलटवार किया है और इस मुद्दे को भाजपा की साजिश करार दिया। दरअसल भाजपा ने अपने सोशल मीडिया पर हैंडल पर एक वीडियो जारी की है। जिसमें पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे कमरे के बाहर इंतजार करते दिखाई दे रहे हैं। इस वीडियो के कैप्शन में भाजपा ने लिखा कि %आज जिस तरह से मल्लिकार्जुन खरगे जी को प्रियंका वाड्रा के नामांकन के समय कमरे से बाहर रखा गया, ठीक उसी तरह राहुल गांधी आरक्षण हटाने के बाद दलित समाज के लोगों को सम्मान और अवसरों से वंचित रखेंगे। अगर गांधी परिवार खरगे जी को ऐसे अपमानित कर सकता है तो दलित समाज के प्रति इनके मन में कितनी घृणा होगी, ये समझा

### बिरादरी की बातें

**चूहा- सुनती हो, यूपी उपचुनाव में समाजवादी पार्टी ने कांग्रेस को एक भी सीट गठबंधन पर नहीं दिया। चुहिया- हां जी, गठबंधन में यह एकतरफा प्यार है..!**

## 'दाना' चक्रवात

# 8 जिलों में यलो अलर्ट, तेज हवाओं और बिजली गिरने का खतरा



**रायपुर,** 24 अक्टूबर (हाईवे चैनल)। चक्रवाती तूफान 'दाना' के असर के चलते छत्तीसगढ़ में मौसम बदला रहेगा। मौसम विभाग ने आज 8 जिलों के लिए यलो अलर्ट जारी किया है। यहां गरज-चमक के साथ बिजली गिरने की आशंका जताई गई है। वहीं अगले तीन दिन 25 से 27 अक्टूबर तक कहीं-कहीं बौछारें पड़ सकती हैं। 25 और 26 अक्टूबर को 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं।

बुधवार को मौसम ड्राई रहा। प्रदेश में सबसे ज्यादा गर्म रायपुर रहा यहां अधिकतम तापमान 33.2 डिग्री रहा। वहीं सबसे ठंडा अंबिकापुर रहा यहां न्यूनतम तापमान 15.6 डिग्री दर्ज किया गया।

### 3 दिन तक बूंदाबांदी की संभावना

रायपुर, अंबिकापुर, दुर्ग और जगदलपुर में दिन का पारा सामान्य से अधिक रहा।

**रात का चढ़ेगा पारा-** मौसम विभाग के मुताबिक चक्रवाती तूफान 'दाना' के असर से रायपुर में आज बादल छाए रहेंगे। कहीं-कहीं तेज हवाएं चल सकती हैं। दोपहर के बाद से दिन के तापमान में कमी आएगी। रात का पारा चढ़ेगा, इससे उमस बढ़ सकती है। अगले चार दिन रायपुर में ऐसा ही मौसम रहेगा। इस दौरान कहीं-कहीं बौछारें पड़ सकती हैं।

रायपुर में बुधवार को दिन का तापमान 33 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। रात का पारा 22 के आस-पास था। गुरुवार को दिन के तापमान में गिरावट और रात का तापमान 23 डिग्री तक पहुंच सकता है। आने वाले दो दिनों में दिन का पारा कम होगा और रात का तापमान बढ़ेगा।

# राष्ट्रपति मुर्मू का दो दिवसीय छग दौरा, रूट चार्ट जारी

**रायपुर,** 24 अक्टूबर (हाईवे चैनल)। दो दिवसीय छत्तीसगढ़ दौरे पर कल आएगी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू। राष्ट्रपति मुर्मू लगभग 6 से 7 कार्यक्रमों में हिस्सा लेगी इससे पहले प्रशासनिक अफसर दौरे की तैयारी और सुरक्षा व्यवस्था में जुट गई है। वीआईपी सुरक्षा को देखते हुए पुलिस विभाग ने राजधानी रायपुर के लिए रूट चार्ट भी जारी किया है।

राष्ट्रपति मुर्मू के दौरा कार्यक्रम इस प्रकार है- 25 अक्टूबर को राष्ट्रपति का आगमन स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट नवा रायपुर में होगा। वहीं से राष्ट्रपति मुर्मू रायपुर एम्स के दूसरे दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी। इस समारोह के बाद राष्ट्रपति राजभवन पहुंचेंगी। इसी के बाद दोपहर बाद एनआईटी रायपुर के 14वें दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी। शाम को राष्ट्रपति मुर्मू नवा रायपुर स्थित पुरखौती मुक्तांगन में स्थानीय आदिवासियों से मुलाकात के बाद रात्रि विश्राम के लिए राजभवन पहुंचेगी।

राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु के दो दिवसीय छत्तीसगढ़ प्रवास को लेकर राज्यपाल रमेन डेका

### राज्यपाल ने तैयारियों की समीक्षा की

ने राजभवन में की जा रही तैयारियों की समीक्षा की और निर्देश दिए कि अधिकारियों-कर्मचारियों को जो दायित्व सौंपे गए है उनको पूरी जिम्मेदारी से निर्वहन करे। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु 25 और 26 अक्टूबर को अपने दो दिवसीय छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान राजभवन में ठहरेंगी। इस दौरान राजभवन द्वारा की गई सभी व्यवस्थाओं की तैयारी के संबंध में श्री डेका को अवगत कराया गया। इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव यशवंत कुमार, विधिक सलाहकार भीष्म प्रसाद पाण्डेय, संयुक्त सचिव श्रीमती हिना अनिमेष नेताम सहित राजभवन के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## शहर में घुसा तेंदुआ, लोगों में दहशत, वन विभाग अलर्ट

**गरियाबंद,** 24 अक्टूबर (हाईवे चैनल)। गरियाबंद मुख्यालय में एक बार फिर तेंदुए की आमद ने लोगों की नींद हराम कर दी है. बीती रात तेंदुआ गरियाबंद नगर पालिका के वार्ड नंबर 1 में घूमता रहा और स्थानीय आवारा पशुओं का शिकार करता रहा. तेंदुए की मौजूदगी सीसीटीवी में भी कैद हो गई है, जिससे इलाके में दहशत फैल गई है। वन विभाग ने लोगों से तेंदुए को लेकर सतर्क रहने की अपील की है. खासकर बच्चों और बड़ों को अकेले में ना घूमने की सलाह दी गई है. इसके साथ ही तेंदुआ दिखने पर तुरंत विभाग को सूचना देने के लिए कहा है। सूत्रों के अनुसार, तेंदुआ हाइवे किनारे स्थित पहाड़ के खोह में पिछले कई महीनों से डेरा जमाए हुए है. हालांकि, वन विभाग ने तेंदुए की उपस्थिति को दर्शाने वाले चेतावनी बोर्ड लगाकर अपनी जिम्मेदारी निभाने का प्रयास किया है, लेकिन स्थानीय लोगों में दहशत है।

## सिग्नल क्रॉस करने के दौरान ट्रक की चपेट में आया युवक, पैर के उड़े चिथड़े

**रायपुर,** 24 अक्टूबर (हाईवे चैनल)। राजधानी से हादसे की खबर सामने आ रही है, यहां न्यू राजेंद्रनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत महावीर नगर में सोना खान भवन के पास सिग्नल क्रॉस करते हुए एक व्यक्ति ट्रक की चपेट में आ गया, जिससे उसका दाहिना पैर बुरी से कुचला गया और पौर के चिथड़े उड़ गए। सुचना पर पहुंची न्यू राजेंद्रनगर थाना पुलिस ने घायल को इलाज के अस्पताल में भर्ती कराया है। घायल युवक का नाम विकास मिश्रा बताया जा रहा है।

## पुतिन ने भारत की आर्थिक प्रगति के लिए मोदी को खूब सराहा

**नई दिल्ली,** 24 अक्टूबर (न्यूज चैनल)। रूसी राष्ट्रपति व्लादमिर पुतिन ने भारत की आर्थिक प्रगति की सराहना करते हुए कहा कि यह कई ब्रिक्स देशों के लिए एक बड़ी मिसाल है। यह टिप्पणी उन्होंने रूस के कज़ान शहर में आयोजित 16वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में की, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भागीदारी के लिए धन्यवाद दिया। पुतिन ने कहा, हम सभी उच्च आर्थिक विकास दर सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर चर्चा करते हैं लेकिन मो इसे सफलतापूर्वक प्रबंधित करने में सक्षम रहे हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी को 7.5 प्रतिशत विकास पर बधाई देते हुए कहा कि यह हम सभी के लिए एक उदाहरण है।